प्रारंभिक परीक्षा प्रश्न

प्र. **महालवाड़ी व्यवस्था के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. वारेन हेस्टिंग्स ने इस व्यवस्था की शुरुआत की थी।
2. इस व्यवस्था के तहत गांव की भूमि, वनभूमि और चारागाह शामिल थे।
3. इस व्यवस्था के तहत, रैयतों द्वारा जमींदारों को भूराजस्व का भुगतान किया जाता था, जो बाद में अंग्रेजों को भुगतान करते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2 (b) केवल 2

(c) 1 और 3 (b) केवल 2

Ans. (b)

व्याख्या- महालवाड़ी व्यवस्था को 1822 ई. में हॉल्ट मेकेंजी ने रेग्यूलेशन VII के माध्यम से लागू कियाइस व्यवस्था में भू-राजस्व का निर्धारण गाँव या महाल से किया जाता था। इसमें राजस्व एकत्र करने और कंपनी को भुगतान करने का कार्य जमींदार के बजाये ग्राम प्रधान को दिया गया था।

इस पद्धति में भू-राजस्व की दर अस्थाई रूप से निर्धारित की गई थी जिसमें समय-समय पर वृद्धि की जा सकती थी। भू-राजस्व के सुरक्षार्थ यह व्यवस्था मुख्यतः गंगा घाटी, मध्य भारत, उत्तर पश्चिमी प्रांत तथा पंजाब में लागू की गई। यह व्यवस्था ब्रिटिश भारत के कुल भू-भाग के 30 प्रतिशत भाग पर लागू थीइस व्यवस्था के अंतर्गत शामिल भूमि में वनभूमि, चारागाह आदि सहित गाँवों की सभी भूमियां थी।